अनुस्मारक / अतिमहत्वपूर्ण / विशेषध्यानकर्षण।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र / पी0पी0पी0 मोड,
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / परिषद / 2025 / 366 **लखनऊः दिनांकः** 29-04-2025

विषयः शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु प्रवेशित छात्र / छात्राओं की पाठ्यचार्य पूर्ण कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया परिषद कार्यालय के पत्र सं0: प्राशिप / परिषद / 2025 / 10313, दिनांकः 17.01.2025, प्राशिप / परिषद / 2025 / 10818, दिनांकः 13.02.2025 एवं प्राशिप / परिषद / 2025 / 12333, दिनांकः 25.03.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिनके द्वारा परिषद की सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा माह मई–जून, 2025 में प्रस्तावित होने के दृष्टिगत छात्र / छात्राओं की सार्वजनिक अवकाश में अतिरिक्त कक्षाएं ऑनलाइन / ऑफलाइन के माध्यम से एवं कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10 बजे से पूर्व तथा अपराह्न 05 बजे के बाद भी ऑनलाइन / ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित कराते हुए पाठ्यचर्या पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रस्तावित परीक्षा के संबंध में समय–सारिणी परिषद पोर्टल पर उपलब्ध है।

आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा दिनांकः 14.05.2025 से प्रस्तावित होने के दृष्टिगत इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या दिनांकः 05.05.2025 तक तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की परीक्षा जून, 2025 के प्रथम सप्ताह से प्रस्तावित होने के दृष्टिगत डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या दिनांकः 31.05.2025 तक सार्वजनिक अवकाश में अतिरिक्त कक्षाएं ऑनलाइन / ऑफलाइन के माध्यम से एवं कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10 बजे से पूर्व तथा अपराह्न 05 बजे के बाद भी ऑनलाइन / ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित कराते हुए पाठ्यचर्या पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि परिषद की सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा माह मई–जून, 2025 की परीक्षा तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा, किन्तु पाठ्यक्रम की परीक्षा तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। अतः उपरोक्त परीक्षा तिथि को दृष्टिगत रखते हुए समयान्तर्गत पाठ्यचर्या पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0ः प्राशिप / परिषद / 2025 / 367-369 **तद्दिनांकः** 29-04-2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव